5–शैपिरो एवं शैपिरो––मानव संस्कृति एवं समाज (डंद ब्नसजनतम ंदक ैवबपमजल)।

6–एम्बर एवं एम्बर––मानव विज्ञान (हिन्दी अनुवाद) यू0बी0सी0 सर्विसेज, दिल्ली।

7–गोपालशरण एवं आर0 पी0 श्रीवास्तव––मानव विज्ञान एवं समाजशास्त्र (इंगलिश)। न्यू रॉयल बुक कम्पनी, लखनऊ।

8–विजय शंकर उपाध्याय एवं गया पाण्डेय––सामाजिक सांस्कृतिक मानव शास्त्र, क्राउन पब्लिकेशन्स, रांची।

9–विजय शंकर उपाध्याय एवं गया पाण्डेय––जनजातीय विकास (मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी)।

10–विनय कुमार श्रीवास्तव––सामाजिक सांस्कृतिक मानव शास्त्र।

11–प्रो0 ए0आर0एन0 श्रीवास्तव –सामाजिक सांस्कृतिक मानव शास्त्र।

12–डा0 नीरजा सिंह – परिचयात्मक मानव विज्ञान।

13–ए0आर0एन0 श्रीवास्तव–जनजातीय विकास के साठ वर्ष, प्रकाषक– 42/7 जवाहर लाल नेहरू रोड़, प्रयागराज।


## खण्ड–ख 35 : अंक
## (शारीरिक मानव विज्ञान)

| | | अंक भार |
|---|---|---|
| **इकाई–1** | शारीरिक मानव विज्ञान का अर्थ, विषय क्षेत्र एवं अन्य प्रकृति विज्ञानों से सम्बन्ध। | 5 |
| **इकाई–2** | जैविक, उद्विकास के सिद्धान्त, लैमार्कवाद, डार्विनवाद तथा संश्लेषणात्मक सिद्धान्त। | 7 |
| **इकाई–3** | प्राणि जगत में मानव का स्थान और प्राइमेट गण की उद्विकासीय विशेषतायें। | 6 |
| **इकाई–4** | जीवाश्मीकरण तथा मानव के जीवाश्म पूर्वज–आस्ट्रेलोपिथेकस, होमोइरेक्ट्स, होमोनियंडरथल तथा होमोसेपियन्स | 6 |
| **इकाई–5** | कोशिका संरचना एवं कोशिका विभाजन। | 5 |
| **इकाई–6** | मेंडल के आनुवंशिकीय नियम––प्रभाविता, अप्रभाविता एवं पृथक्करण का नियम। | 6 |

**सन्दर्भित पुस्तकें––**

1–बी0 आर0 के0 शुक्ला एवं सुधा रस्तोगी––मानव उद्विकास (भारत बुक सेण्टर)।
2–सुधा रस्तोगी एवं बी0 आर0 के0 शुक्ला––मानव आनुवंशिकी एवं प्रजातीय विविधता (भारत बुक सेण्टर)।
3–पी0 दास शर्मा––भ्नउंद म्अवसनजपवद (म्दहसपेा), रांची–झारखण्ड।
4–आनुवांशिक मानव विज्ञान–उदय प्रताप सिंह।
5–यू0 पी0 सिंह––जैविक मानव विज्ञान (लखनऊ प्रकाशन)।
6–रिपुदमन सिंह––शारीरिक मानव विज्ञान।

**(प्रायोगिक मानव विज्ञान)** **पूर्णांक 30**

**इकाई–1** किसी सामाजिक विषय पर साक्षात्कार अनुसूची (इन्टरव्यू शेड्यूल) बनाना एवं तीन व्यक्तियों का साक्षात्कार लेकर उस पर एक संक्षिप्त प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तैयार करना। 10

**इकाई–2** किसी सामाजिक विषय पर प्रश्नावली बनाना और तीन व्यक्तियों से भरवाकर संक्षिप्त प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तैयार करना। 10

परीक्षा में इकाई 3 या 4 में कोई एक करना होगा।

**इकाई–3** प्रायोगिक रिकार्ड (लैब बुक)–– 5
इकाई 1 और 2 विद्यार्थियों को सिखाये जायेंगे तथा उस पर आधारित लैब बुक होगी।

**इकाई–4** मौखिक परीक्षा (टपअं.अवबम) 5

**कुल अंक . . 30**

**निर्देश–**इकाई 1 में वर्णित कपाल एवं उपांग अस्थियों को चार्ट से देखकर रेखांकित एवं चित्रित करना।

**सन्दर्भ पुस्तकें––**

(1) सामाजिक अनुसंधान एवं सर्वेक्षण––एस0 आर0 बाजपेई
(2) प्रयोगात्मक मानव विज्ञान– डा0 विभा अग्निहोत्री।

**मानव विज्ञान**

अधिकतम अंक : 30 न्यूनतम उत्तीर्णांक : 10 समय : 03 घण्टा

**वाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन अंक––15** निर्धारित अंक

1–कपाल एवं उपांग अस्थियों का रेखांकित एवं चिन्हित करना–– 06 अंक
(सही चित्रण हेतु 3 अंक तथा नामांकन व पहचान हेतु 3 अंक)

2–एन्थ्रोपोस्कोपी 04 अंक

3–मौखिकी–– 05 अंक

**आन्तरिक परीक्षक द्वारा मूल्यांकन अंक––15**

4–प्रोजेक्ट कार्य–– 5+5=10 अंक
(क) किसी सामाजिक विषय पर साक्षात्कार
(ख) किसी सामाजिक विषय पर प्रश्नावली तैयार करना––

5–प्रायोगिक रिकार्ड बुक–– 05 अंक

**नोट :––**प्रोजेक्ट कार्य एवं प्रायोगिक रिकार्ड बुक परिषदीय प्रयोगात्मक परीक्षा के समय विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

**व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा**

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

# विषय– समाज शास्त्र

## इण्टरमीडिएट–(कक्षा–12)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2020–21 में समय से विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

इकाई–4 बाजार एक सामाजिक संस्था के रूप में

1. बाजार और अर्थव्यवस्था पर सामाजिक दृष्टिकोण
2. भूमण्डलीकरण : स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में अर्न्तजुड़ाव

इकाई–8 संरचनात्मक परिवर्तन

1. उपनिवेशवाद, औद्योगीकरण, नगरीकरण,

इकाई–13 भूमण्डलीकरण और सामाजिक परिवर्तन

1. भूमण्डलीकरण के आयाम

इकाई–14 जन सम्पर्क माध्यम एवं संचार

1. जन सम्पर्क माध्यम के प्रकार– दूरदर्शन, रेडियो एवं समाचार पत्र
2. जन सम्पर्क माध्यम का बदलता स्वरूप

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–12

समाज शास्त्र

केवल प्रश्नपत्र

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

| इकाई | | अंक |
|---|---|---|
| क | भारतीय समाज | |
| | 1. भारतीय समाज का परिचय | 4 |
| | 2. भारतीय समाज की जनसांख्यिकी संरचना | 6+2=8 |
| | 3. सामाजिक संस्थायें : निरंतरता और परिवर्तन | 8+2=10 |
| | 5. सामाजिक असमानता और बहिष्कार का ढाँचा(स्तर) | 8+2=10 |
| | 6. सांस्कृतिक विभिन्नताओं की चुनौती | 10 |
| | 7. परियोजना कार्य के लिए सुझाव | 8 |
| | योग | **50** |
| ख | भारत में परिवर्तन और विकास | |
| | 9. सांस्कृतिक परिवर्तन | 6+4=10 |
| | 10. भारतीय लोकतन्त्र की कहानी | 5+2=07 |
| | 11. ग्रामीण समाज में परिवर्तन और विकास | 7+4=11 |
| | 12. औद्योगिक समाज में परिवर्तन और विकास | 6+4=10 |
| | 15. सामाजिक आन्दोलन | 8+4=12 |

| | | |
|---|---|---|
| | योग | 50 |
| | महायोग | 100 |

खण्ड–(क) भारतीय समाज

इकाई–1 भारतीय समाज का परिचय 04 अंक

1 उपनिवेशवाद, राष्ट्रीयता, वर्ग और समुदाय

इकाई–2 भारतीय समाज की जनसांख्यिकी संरचना 08 अंक

1 जनसांख्यिकी की संकल्पना और सिद्धान्त

2 ग्रामीण नगरीय शहर, सहसम्बन्ध एवं विभाजन

इकाई–3 सामाजिक संस्थायें : निरन्तरता और परिवर्तन 10 अंक

1. जाति प्रथा, जनजातीय समुदाय
2. परिवार और नातेदारी

इकाई–5 सामाजिक असमानता और बहिष्कार का ढाँचा 10 अंक

1. जातिगत पूर्वाग्रह, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़े वर्ग
2. जनजातीय समुदाय को हाशिये पर रखना
3. दिव्यांगों का संघर्ष

इकाई–6 सांस्कृतिक विभिन्नताओं की चुनौतियाँ 10 अंक

1. सांस्कृतिक समुदाय और राष्ट्र–राज्य
2. साम्प्रदायिकता, क्षेत्रवाद और जातिवाद की समस्याएँ
3. राष्ट्र–राज्य एवं धर्म सम्बन्धी मुद्दो की पहचान एवं समस्याएँ
4. राज्य और नागरिक समाज
5. साम्प्रदायिकता, धर्मनिरपेक्षता एवं राष्ट्र–राज्य

इकाई–7 परियोजना कार्य के लिए सुझाव 8 अंक

1. सर्वेक्षण प्रणाली, साक्षात्कार, प्रेक्षण तथा समसामयिक पद्धतियों का सम्मिश्रण।
2. छोटी षोध परियोजनाओं के लिए सम्भावित प्रकरण एवं विशय।

खण्ड–(ख) भारत में परिवर्तन एवं विकास

इकाई–9 सांस्कृतिक परिवर्तन 10 अंक

1. आधुनिकीकरण, पाश्चात्यकरण्, संस्कृतिकरण, धर्मनिर्पेक्षीकरण
2. सामाजिक सुधार आन्दोलन और कानून

इकाई–10 भारतीय लोकतंत्र की कहानी 07 अंक

1. संविधान सामाजिक परिवर्तन के एक यंत्र के रूप में
2. पंचायत राज और सामाजिक परिवर्तन की चुनौतियाँ

3. राजनैतिक दल, समूहों का दबाव और जनतांत्रिक राजनीति

**इकाई–11 ग्रामीण समाज में परिवर्तन एवं विकास** **11 अंक**

1. भूमि सुधार हरित क्रान्ति और उभरता कृषक समाज
2. कृषक सामाजिक संरचना, भारत में जाति और वर्ग
3. भूमि सुधार
4. हरित क्रान्ति और इसका सामाजिक परिणाम
5. ग्रामीण समाज में परिवर्तन
6. भूमण्डलीकरण, उदारीकरण और ग्रामीण समाज

**इकाई–12 औद्योगिक समाज में परिवर्तन और विकास** **10 अंक**

1. योजनाबद्ध औद्योगीकरण से उदारीकरण की ओर
2. व्यवसाय प्राप्त करना
3. कार्य पद्धति

**इकाई–15 सामाजिक आन्दोलन** **12 अंक**

1. सामाजिक आन्दोलन का सिद्धान्त और वर्गीकरण
2. वर्ग आधारित आन्दोलन : श्रमिक और कृषक वर्ग आधारित
3. जाति आधारित आन्दोलन : दलित आन्दोलन, पिछड़ी जाति आंदोलन एवं इसके क्रम में उच्च जाति की प्रतिक्रिया
4. स्वतंत्र भारत में महिला आन्दोलन।
5. जनजातीय आन्दोलन
6. पर्यावरणीय आन्दोलन
7. दहेज प्रथा वास्तविकता, अर्थ एवं उसका विकृतरूप तथा समाज पर उसका कुप्रभाव तथा इसका निवारण।

# संगीत (गायन) अथवा संगीत (वादन)– कक्षा–12

**कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2020–21 में समय से विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–**

## संगीत (गायन)

### खण्ड–क (संगीत विज्ञान)

**इकाई–1–**श्रुतियां वीणा के 36 तार पर शुद्ध स्वरों का स्थान

**इकाई–2–**पूर्व राग, उत्तर राग, सन्धि प्रकाश राग, आश्रय राग, परमेल, प्रवेशक राग। उत्तर और दक्षिण भारत के थाटों का वर्गीकरण और उससे रागों की उत्पत्ति।

### खण्ड–ख
### (संगीत का इतिहास और रागों का अध्ययन)

**इकाई–3**–स्वर विस्तार के माध्यम से रागों का विकास और भेद। कठिन अलंकारों की रचना।

**इकाई–5–**गीतों के आलाप, तान, बोलतान सहित लिपिबद्ध करने की क्षमता।

### प्रयोगात्मक (गायन)

उक्त रागों के गीतों में कम से कम एक धमार, एव विलम्बित ख्याल व तराना होगा। धमार में दुगुन, तिगुन और चौगुन लयकारी होने की क्षमता होनी चाहिए।

(4) पाठ्यक्रम में प्रस्तावित विस्तृत अध्ययन के रागों में छोटे स्वर समुदाय की जब आकार में गाया तब स्वर पहचानने की योग्यता होनी चाहिए। विद्यार्थी में पाठ्यक्रम के सभी तालों का ठेका तबले पर बजाने की योग्यता होनी चाहिये।

तीन घण्टे का एक प्रश्नपत्र 50 अंको का होगा। 50 पूर्णांक की प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। लिखित में 17 तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में 16 तथा योग में 33 अंक पाना आवश्यक होगा।

## संगीत (वादन)

**खण्ड–क (संगीत विज्ञान)**

चिकारी, तोड़ा, परन, तिहाई आदि।

**खण्ड–ख (संगीत का इतिहास और शैलियों का अध्ययन)**

सांरग
विभिन्न लयकारियों को तालिपि में लिखने की क्षमता। जैसे टुकड़ा
बाजों के प्रकार (बनारस, फर्रूखाबाद)
आधुनिक संगीतज्ञों की जीवनी
पं0 सामता प्रसाद, एवं पन्ना लाल घोष

**उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–**

## संगीत (गायन)

### खण्ड–क (संगीत विज्ञान) **पूर्णांक : 25**

**इकाई–3**–अंश, न्यास, अल्पत्व, बहुत्व, तान एवं तान के प्रकार।

**इकाई–4–**भारत की हिन्दुस्तानी और कर्नाटक पद्धतियों के स्वरों एवं श्रुतियों का तुलनात्मक अध्ययन।

**इकाई–5–**पूर्व तानपुरे के विभिन्न अंगों का ज्ञान, उसका मिलाना, उसके अधिस्वर आदि।

### खण्ड–ख पूर्णांक : 25
### (संगीत का इतिहास और रागों का अध्ययन)

**इकाई–1–**गीतों की शैलियां और प्रकार––ध्रुपद, धमार, ख्याल (विलम्बित और द्रुत), टप्पा, ठुमरी, तराना। ग्वालियर घराने की विशेषता।

**इकाई–2–**प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए प्रस्तावित पाठ्यक्रम में रागों की विशेषतायें।

**इकाई–4–**पाठ्यक्रम में प्रस्तावित तालों के बोलों का दुगुन, तिगुन, चौगुन का ज्ञान तीन ताल, एक ताल, चार ताल, धमार।

**इकाई–6–**छोटे स्वर समुदायों के आधार पर रागों को पहचानना और उनकी बढ़त की योग्यता।

**इकाई–7**–संगीत सम्बन्धी विषय पर निबन्ध।

**इकाई–8**–भारतीय संगीत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास। मध्यकाल एवं आधुनिक काल।

**इकाई–9**–भातखण्डे, विष्णुदिगम्बर, गोपालनायक, पं0 जसराज एवं एम0एस0 सुब्बालक्ष्मी की जीवनियां और भारतीय संगीत में उनका योगदान।

**प्रयोगात्मक (गायन)** **50 अंक**

(1) निम्नलिखित रागों का विस्तृत अभ्यास वृन्दावनी सारंग।

प्रत्येक में कम से कम एक द्रुत ख्याल तैयार होना चाहिए। उचित अलाप तान, मुर्की एवं अन्य लयपूर्ण तालबद्ध विस्तारण के साथ उनको गाने की योग्यता विद्यार्थी में अपेक्षित है।

कठिन तालबद्ध रूपों और निरर्थक वेग पर ही केवल नहीं, वरन् सही ध्वनि, उच्चावचन, स्पष्टता और गरिमापूर्ण अभिव्यक्ति एवं लय के स्वाभाविक प्रवाह पर बल होना चाहिये।

(2) गौड़–सारंग पूर्वी हमीर, रागों का सामान्य रूप में अभ्यास। उक्त में अलाप तान की आवश्यकता नहीं है। केवल स्थायी और अन्तरा पर्याप्त है। प्रत्येक रागों में आरोह, अवरोह और पकड़ गाने की योग्यता होनी चाहिये धीमी गति में अलाप करने पर उन्हें पहचानने की क्षमता विद्यार्थियों में होनी चाहिये।

(3) निम्नलिखित तालों में कम से कम एक गीत सीखना चाहिये।

तीन ताल, झप ताल, एक ताल, और धमार।

पाठ्यक्रम में प्रस्तावित सब तालों के ठेके ताल के साथ कहने एवं लिखने की योग्यता विद्यार्थी में होनी चाहिये।

**विशेष सूचनादृ**अध्यापकों को वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षक के विचारार्थ प्रत्येक विद्यार्थी के कार्यों की एक आख्या बनानी चाहिये।

**संगीत (वादन)**

**खण्ड–क (संगीत विज्ञान)** पूर्णांकदृ25

संगीत गायन में प्रस्तावित पाठ्यक्रम के अलावा निम्नलिखित और रहेगा :

अधिस्वर, वाद्यों में पूरक तालों (तरव) का प्रयोग, खरज, जमजमा, पेशकारा, टुकड़ा मुखड़ा, लय के प्रकार। सपाट, कूट, अलंकारिक, गमक, सूत, घुसीट का विस्तृत अध्ययन। परन रात, तिहाई, तिहाड के प्रकार कायदा, पलटा, लय और उसके प्रकार, लयकारी और उसके विभिन्न प्रकारों की परिभाषा तथा अंकों में लिखने की योग्यता।

भारतीय वाद्यों में जैसे–तबला, पखावज, सितार, वायलिन, गिटार, बांसुरी, वीणा, सरोद, सारंगी, इसराज अथवा दिलरूबा वाद्यों के ज्ञान के साथ जो विशेष वाद्य लिया है। उसके विभिन्न अंगों एवं मिलान का विशेष ज्ञान।

**खण्ड–ख (संगीत का इतिहास और शैलियों का अध्ययन)** पूर्णांकदृ25

(1) वाद्य पाठ्यक्रम हेतु प्रस्तावित राग (केदार, वृन्दावनी, जौनपुरी) की विशेषतायें, स्वर विस्तार के माध्यम से रागों का विस्तार एवं भेद।

अथवा

पाठ्यक्रम के तालों (आड़ा चारताल, तीनताल, धमार के विभिन्न लयों के साथ गजझंपा, सवारी यततताल) लयात्मक प्रकार, कठिन अलंकारों की रचना। विभिन्न लयकारियों को तालिपि में लिखने की क्षमता। जैसे कायदा, परन, तिहाई, पेशकारा, लिपिबद्ध करने की क्षमता।

अथवा

पाठ्यक्रमों में निर्धारित रागों में गतों की स्वरलिपि बद्ध करने की क्षमता एवं साधारण तोड़ें एवं झाले के साथ लिखने की योग्यता।

(2) विलम्बित और द्रुत लय तथा लय का ज्ञान।

अथवा

(3) सामान्य संगीत सम्बन्धी विषयों पर संक्षिप्त निबन्ध।

(4) भारतीय संगीत का संक्षिप्त इतिहास (मध्यकाल एवं आधुनिक) भारतीय संगीतज्ञों की जीवनी एवं उनके योगदान–विष्णु दिगम्बर, गोपाल नायक, एवं पं0 रविशंकर ।

**प्रयोगात्मक परीक्षा (वादन)** **50 अंक**

विद्यार्थी निम्नलिखत वाद्यों में से कोई भी एक ले सकता है :

(1) तबला, (2) पखावज, (3) वीणा, (4) सितार, (5) सरोद, (6) सारंगी, (7) इसराज अथवा दिलरूबा, (8) वायलन, (9) बांसुरी, (10) गिटार (गिटार का पाठ्यक्रम सितार की भांति होगा)।

प्रथम दो वाद्यों की प्रयोगात्मक परीक्षा योजना अन्य वाद्यों की प्रयोगात्मक परीक्षा योजना से भिन्न होगी।

**तबला या पखावज की प्रयोगात्मक परीक्षा**

1– विद्यार्थियों को पर्याप्त बोल (ठेका पेशकार, परन, टुकड़े, तिहाइयां आदि) जानना चाहिये। ताल का पांच मिनट का आकर्षक प्रदर्शन देने की योग्यता होनी चाहिये। इस प्रकार के प्रदर्शन में किसी भी बोल की पुनरावृत्ति न हो वरन् वही बोल विभिन्न लयों और दूसरे प्रकार के तालों से निस्तारण के रूप में यदि जान पड़े तो बजाया जा सकता है। एक ठेके के बोल निश्चय ही दो क्रमिक टुकड़ों आदि के बीच दोहराये जा सकते हैं। एकांकी (सोलों) प्रदर्शन के लिये निम्नलिखित तालें पाठ्यक्रम में है।

तीनताल, धमार, आड़ा चौताल, दीपचन्दी, गजझपा, सवारी और मततताल।

2– विद्यार्थियों की सरल ध्रुवरों के साथ, दीपचन्दी, झपताल, एकताल, चौताल और धमार से संगत करने की योग्यता होनी चाहिये।

3– जो वाद्य विद्यार्थी ले उन्हें मिलाने की योग्यता होनी चाहिये।

4– विभिन्न लयकारी जैसे कि दो मात्राओं को तीन में, तीन मात्राओं को चार मात्राओं में।

ठुमरी शैली की संगत अपने वाद्य (तबला) पर विभिन्न प्रकार की लड़ी और लग्गी के साथ करने की योग्यता होनी चाहिये।

**सितार आदि लय वाले वाद्यों की प्रयोगात्मक परीक्षा**

निम्नलिखित 3 रागों में से प्रत्येक में एक गत मसीतखानी और एक रजाखानी जिसका विस्तार सहित अभ्यास होगा :

वृन्दावनी सारंग, केदार, जौनपुरी।

गरिमा के साथ बजाने की योग्यता।

(2) कामोद, हम्मीर, बहार रागों में केवल एक गत बिना किसी विशेष विस्तार के बजाना।

विद्यार्थियों को इनमें से प्रत्येक राग का आरोह–अवरोह और पकड़ बजाने की योग्यता होनी चाहिये और जब उन्हें थीमे अभिव्यक्ति अलापों द्वारा प्रस्तुत किया जाय तब पहचानने की योग्यता होनी चाहिये।

(3) उपरोक्त गतें तीन ताल में हो सकती है।

झपताल, एकताल, चौताल, धमार और त्रिताल का ज्ञान।

**संगीत गायन/वादन**

**अधिकतम अंक 50 न्यूनतम उत्तीर्णांक अंक 16 अंक समय 6 घण्टे**

एक समय में परीक्षा के लिये परीक्षार्थियों की संख्या पर प्रतिबन्ध आवश्यक है। इण्टरमीडिएट परीक्षा संगीत वादन परीक्षा एक दिन में क्रमशः 20–25 परीक्षार्थियों से अधिक न हो। प्रत्येक खण्ड का विवरण तथा निर्धारित अंक :

**1 तबला और पखावज लेने वालों के लियेदृ**

**(क) वाह्य मूल्यांकन 25 अंक**

| | |
|---|---|
| 1 परीक्षार्थियों द्वारा चुने गये अपने ताल का प्रदर्शन। | 08 |
| 2 पाठ्यक्रम में निहित साधारण अध्ययन की ताले। | 03 |
| 3 पाठ्यक्रम में प्रस्तावित विस्तृत अध्ययन की ताले। | 05 |
| 4 तालों का कहना और उनका बजाना। | 03 |
| 5 परीक्षक द्वारा गायी गयी अथवा बजायी गयी धुनों के साथ संगत करने की योग्यता। | 03 |
| 6 वाद्य मिलाने की योग्यता। | 03 |

**(ख) आन्तरिक मूल्यांकन 25 अंक**

| | |
|---|---|
| 1 रिकॉर्ड। | 05 |
| 2 प्रोजेक्ट। | 10 |
| 3 सत्रीय कार्य। | 10 |

**नोट :** संगीत गायन के साथ हारमोनियम की संगत की अनुमति नहीं है।

**2 तबला व पखावज के अलावा अन्य वादन संगीत तंत्रवाद्य लेने वालों के लिये–**

| | |
|---|---|
| 1 विद्यार्थियों द्वारा चुने गये अपने रुचि के साथ गीत अथवा संगीत का प्रदर्शन। | 08 |
| 2 विस्तृत अध्ययन के रागों के ऊपर पूछे गये अलाप। | 03 |
| 3 पाठ्यक्रम में प्रस्तुत विस्तृत अध्ययन की ताल। | 05 |
| 4 पाठ्यक्रम में निहित साधारण अध्ययन की ताल। | 03 |
| 5 राग और स्वर समूह को पहचानने की क्षमता। | 03 |
| 6 परीक्षार्थियों की आवाज और उसका सामान्य प्रभाव। | 03 |

**व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा**

(1) व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

(2) अध्यापक को प्रत्येक विद्यार्थी के कार्य का वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षकों के विचारार्थ रखने के लिये अभिलेख रखना होगा

## कक्षा–12 संस्कृत

**कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2020–21 में समय से विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक् विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् लगभग 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–**

**खण्ड–क (गद्य)**

**चन्द्रापीडकथा**

निर्गतायां केयूरकेण सह.....आनन्दस्य अध्यगच्छन्।

**खण्ड–ख (पद्य)**

**रघुवंशमहाकाव्यम् (द्वितीय सर्ग)**

श्लोक संख्या 65–75 तक।

**उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–**

**सामान्य निर्देश** – संस्कृत विषय में 100 अंकों का एक प्रश्नपत्र होगा। प्रश्न–पत्र के प्रत्येक खण्ड में निर्धारित अंकों के अन्तर्गत दीर्घ उत्तरीय, लघु उत्तरीय, अति लघु उत्तरीय एवं बहुविकल्पीय प्रश्नों का समावेश कर कई प्रश्न पूछे जा सकते हैं। प्रश्नपत्र में प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक ही उत्तर के आकार की संक्षिप्तता या दीर्घता का द्योतक होगा। प्रत्येक प्रश्नपत्र के अन्तर्गत समाविष्ट पाठ्यक्रम का अंक विभाजन निम्नवत् होगाः–

**खण्ड–क (गद्य)** 20 अंक

**चन्द्रापीडकथा –(सा तु समुत्थाय महाश्वेतां.....आगन्तव्यम्'' इत्यादिश्य व्यसर्जयत्। तक)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | गद्यांश के आधार पर प्रश्नोत्तर। | 10 अंक |
| 2. | कथात्मक पात्रों का चरित्रचित्रण (हिन्दी में, अधिकतम 100 शब्द)। | 4 |
| 3. | रचनाकार का जीवनपरिचय एवं गद्यशैली (हिन्दी अथवा संस्कृत में, अधिकतम 100 शब्द)। | 4 |
| 4. | सन्दर्भित पुस्तक से सम्बन्धित वैकल्पिक प्रश्न। | 2 |

**खण्ड–ख (पद्य)** 20 अंक

**रघुवंशमहाकाव्यम् (द्वितीय सर्ग)– (श्लोक संख्या–41 से 64 तक)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | किसी श्लोक की सन्दर्भसहित हिन्दी में व्याख्या। | 2+5=7 |
| 2. | किसी श्लोक की सन्दर्भसहित संस्कृत में व्याख्या। | 2+5=7 |
| 3. | कवि परिचय एवं काव्यशैली (हिन्दी अथवा संस्कृत में, अधिकतम 100 शब्द)। | 4 |
| 4. | काव्यगत तथ्यों एवं भावों पर आधारित वैकल्पिक प्रश्न। | 2 |

**खण्ड–ग (नाटक)** 20 अंक

**अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थोऽङ्कः)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पाठगत नाटक के किसी गद्यांश अथवा पद्य की सन्दर्भसहित हिन्दी में व्याख्या। | 2+5=7 |
| 2. | पाठगत नाटक के अंशों से सूक्तिपरक पंक्ति की सन्दर्भसहित हिन्दी में व्याख्या। | 2+5=7 |
| 3. | नाटककार का जीवन परिचय एवं नाट्यशैली (हिन्दी अथवा संस्कृत में, अधिकतम 100 शब्द)। | 4 |
| 4. | सन्दर्भित पुस्तक से सम्बन्धित वैकल्पिक प्रश्न। | 2 |

**खण्ड–घ (निबन्ध)**

विभिन्न विषयों पर संस्कृत में निबन्ध (10 पंक्तियाँ)–संस्कृत साहित्य, जनसंख्या, पर्यावरण, स्वास्थ्य शिक्षा, यातायात के नियम आदि। 10 अंक

**खण्ड–ङ (अलंकार)**

निम्नलिखित अलंकारों की सामान्य परिभाषा (हिन्दी या संस्कृत में) अथवा उदाहरण संस्कृत में– उपमा तथा रूपक। 3 अंक

**खण्ड–च (व्याकरण)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अनुवाद – ऐसे हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद जहाँ उपपद विभक्तियों का प्रयोग हो। | 8 |
| 2. | कारक तथा विभक्ति। | 3 |
| 3. | समास। | 3 |
| 4. | सन्धि । | 3 |
| 5. | शब्दरूप। | 3 |
| 6. | धातुरूप। | 3 |
| 7. | प्रत्यय। | 2 |
| 8. | वाच्य परिवर्तन। | 2 |

**<u>निर्धारित पुस्तकें एवं पाठ्यवस्तु</u>**

**खण्ड–क (गद्य)**

महाकविबाणभट्टप्रणीतम् – कादम्बरीसारतत्त्वभूतम्, ''चन्द्रापीडकथा'' का उत्तरार्द्धभाग–सा तु समुत्थाय महाश्वेतां ..... आगन्तव्यम्'' इत्यादिश्य व्यसर्जयत्। तक।

**खण्ड–ख (पद्य)**

महाकविकालिदासप्रणीतम्–रघुवंशमहाकाव्यम् (द्वितीय सर्ग)
श्लोक संख्या 41 से 64 तक।

**खण्ड–ग (नाटक)**

महाकविकालिदासप्रणीतम्–अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थोऽङ्कः) (आकाशे) रम्यान्तरः कमलिनीहरितैः ..... इत्यादि पद्य से अंक की समाप्ति तक।

**खण्ड–घ (निबन्ध)**

विभिन्न विषयों पर संस्कृत में निबन्ध (10 पंक्तियाँ) (संस्कृत साहित्य, जनसंख्या, पर्यावरण, स्वास्थ्य शिक्षा, यातायात के नियम आदि विषयों पर निबन्ध)

**खण्ड–ङ (अलंकार)**

निम्नलिखित अलंकारों की सामान्य परिभाषा (हिन्दी या संस्कृत में) अथवा उदाहरण संस्कृत में – उपमा तथा रूपक।

**खण्ड–च (व्याकरण)**

1. **अनुवाद –**
   ऐसे हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद जहाँ उपपद विभक्तियों का प्रयोग हो।
2. **कारक तथा विभक्ति –**

निम्नलिखित सूत्रों तथा वार्तिकों के आधार पर कारकों तथा विभक्तियों का ज्ञान –

**(क) चतुर्थी विभक्ति (सम्प्रदान कारक) ।**

(1) कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् ।
(2) चतुर्थी सम्प्रदाने।
(3) रूच्यर्थानां प्रीयमाणः।
(4) क्रुध्द्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः।
(5) नमः स्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च।

**(ख) पंचमी विभक्ति (अपादान कारक)**

(1) ध्रुवमापायेऽपादानम्।
(2) अपादाने पंचमी।
(3) भीत्रार्थानां भयहेतुः।

**(ग) षष्ठी विभक्ति (सम्बन्ध कारक)**

(1) षष्ठी शेषे।
(2) षष्ठी हेतुप्रयोगे।

**(घ) सप्तमी विभक्ति (अधिकरण कारक)**

(1) आधारोऽधिकरणम्।
(2) सप्तम्यधिकरणे च।
(3) यतश्च निर्धारणम्।

**3. समास –**

निम्नांकित समासों की परिभाषा अथवा संस्कृत में विग्रहसहित समास का नाम।
(1) द्वन्द्वः, (2) अव्ययीभावः, (3) द्विगुः।

**4. सन्धि**–सन्धि, सन्धिविच्छेद, नामोल्लेख तथा नियम ज्ञान।
निम्नलिखित सूत्रों के अनुसार संधियों का उदाहरणसहित ज्ञान।
**(क) व्यंजन सन्धि या हल् सन्धि–** (1) स्तोः श्चुना श्चुः, (2) ष्टुना ष्टुः, (3) झलां जशोऽन्ते, (4) खरि च, (5) मोऽनुस्वारः,
**(ख) विसर्ग सन्धि–** (1) विसर्जनीयस्य सः, (2) ससजुषो रुः, (3) अतोरोरप्लुतादप्लुते, (4) हशि च, (5) खरवसानयोर्विसर्जनीयः,

**5. शब्दरूप–**

(अ) **नपुंसकलिंग** – गृह, वारि, दधि, मधु, नामन्, मनस्,।
(आ) **सर्वनाम** – सर्व, तद्, यद्, किम्, युष्मद्, अस्मद्,एतत्, भवत्।
(इ) 01 से 100 तक संख्यावाचक शब्द तथा कति के रूप।

**6. धातुरूप**– निम्नलिखित धातुओं के लट्, लङ्, लोट्, विधिलिंग एवं लृट् लकार में रूप।
**(अ) आत्मनेपद्**– लभ्, वृध्, शी, सेव्।
**(आ) उभयपद**– नी, याच्, दा, ग्रह्, ज्ञा,।

**7. प्रत्यय**– ल्युट्, ण्वुल्, अनीयर्, टाप्, ङीष्, तुमुन्, क्त्वा।

**8. वाच्यपरिवर्तन**– वाक्यों में कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य एवं भाववाच्य पदों का वाच्यपरिवर्तन।

# सिन्धी (केवल प्रश्न पत्र)

## कक्षा–12

**कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2020–21 में समय से विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–**

**गद्य, नाटक, निबंध**

**सिन्धी साहित्यिक रत्नावली**

नसुरू खण्ड से पाठ संख्या. 18 'बापू', 19. 'कुदरत सा कुर्बु', 20. 'एकवीही सदीअ में आनन्दु'

गद्यांश अथवा सूक्ति परक वाक्य की सीख

(क) पुकारू नाटक के तत्व एवं उनकी विशेषतायें।

(ख) पुकारू नाटक का सारांश/विविध घटनायें।

लेखको की कृतियों की समीक्षा

लेखकों की जीवनी

**निबंध**

(ग) सिंधी महापुरुष।

(च) सिंधी सामाजिक समस्यायें।

**पद्य, अनुवाद, उपन्यास**

**सिन्धी साहित्यिक रत्नावली**

सिन्धी नज़्म खण्ड के पाठ 22 गजल–लक्ष्मण दुबे, गजल श्रीकांत सदफ, 23(अ) गीतु (ब) गीतु

पद्यांश का संदर्भ

उपन्यास अझो (क) उपन्यास के तत्व एवं उनकी विशेषतायें। (ग)तथ्य एवं घटनायें। (च) सारांश।

कवियों की जीवनी, समीक्षा।

5. अनुवाद :

(क) हिन्दी से सिंधी में एक वाक्य।

(ख)सिंधी से हिन्दी में एक वाक्य।

**उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–**

इस विषय में 100 अंकों का केवल एक प्रश्न.पत्र तीन घंटे का होगा।

**गद्य, नाटक, निबंध**

**सिन्धी साहित्यिक रत्नावली**

(सिन्धी नसुक खण्ड के पाठ 11 से 17)

| | | |
|---|---|---|
| 1. गद्यांश अथवा सूक्ति परक वाक्य का संदर्भ, प्रसंग, व्याख्या, साहित्यिक सौंदर्य ।1)+1+5+1)+1 | | 10 |
| 2. साहित्यिक परिचय, भाषा शैली । | 2+2+2+2+2 | 10 |
| 3. पाठों का सारांश (शब्द सीमा 75–100)। | | 05 |
| 4 तर्क संगत लघु उत्तरीय (शब्द सीमा 40–50) एक प्रश्न। | | 04 |
| 5. अति लघु उत्तरीय (शब्द सीमा 1–5) दो प्रश्न। | | 03 |

6. नाटक : पुकारू लेखक डॉ0 प्रेम प्रकाश–(सीन सं0 11 से 22)

इसमें निम्नलिखित तथ्यों पर आधारित प्रश्न (शब्द सीमा 75–100) 10

(ग) चरित्र–चित्रण या पात्रों की विशेषतायें।

7 निबंध :

निम्नलिखित विषयों में से 225–250 शब्दों तक एक निबंध 10

(क) सिंधी भाषा।

(ख) सिंधी पर्व।

(ङ) सिंधी साहित्यकार।

**पद्य, अनुवाद, उपन्यास**

**सिन्धी साहित्यिक रत्नावली**

(सिन्धी नज़्म खण्ड के पाठ 11 से 21)

| | | |
|---|---|---|
| 1. सूक्ति परक वाक्य की व्याख्या एवं काव्यगत सौंदर्य। | 2+5+3 | 10 |
| 2. कवियों की साहित्यिक परिचय, भाषा, शैली । | 2+2+2+2+2 | 10 |
| 3. कविताओं पर आधारित 1 प्रश्न (शब्द सीमा 50–60)। | | 05 |
| 4. कविताओं पर आधारित 3 प्रश्न (शब्द सीमा 1–5)। | | 05 |

5. अनुवाद :

(क) हिन्दी से सिंधी में चार वाक्य। 04

(ख) सिंधी से हिन्दी में चार वाक्य। 04

5. उपन्यास : अझो, लेखकदृहरी मोटवानी।

निम्नलिखित तथ्यों पर आधारित प्रश्नदृ 10

(ख) चरित्र–चित्रण।

(घ) भाषा।

(ङ) उपन्यास कला की दृष्टि से समीक्षा।

**पुस्तक :**

सिन्धी साहित्यिक रत्नावली कक्षा–11 के लिये सिन्धी नसरू–ए–नज्म संकलन, संपादक आतु टहिलियाणी। संषोधित प्राप्ति स्थान सिन्धी वेलफेयर सोसायटी, एस,जी–1 राजपाल प्लाजा, कानपुर रोड, आलमबाग लखनऊ।

**नाटक :**

पुकारूंदृलेखक डॉ0 प्रेम प्रकाश, उपर्युक्त पुस्तक में उपलब्ध है।

**उपन्यास :**

अझो लेखक हरी मोटवानी, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान में कक्षा 12 के लिये पाठ्य–पुस्तक निर्धारित है।

# सैन्य विज्ञान– कक्षा–12

**कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2020–21 में समय से विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–**

**इकाई–1 राष्ट्रीय सुरक्षा :**
(स) राष्ट्रीय सुरक्षा नीति निर्धारण प्रक्रिया का संक्षिप्त परिचय।
**इकाई–2 द्वितीय रक्षात्मक पंक्ति :**
(ख) प्रादेशिक सेना (टी0ए0)।
**इकाई–3 नागरिक सुरक्षा :**
(स) कार्य।
**इकाई–4 सैन्य विज्ञान मनोविज्ञान :**
(स) अनुशासन।
**इकाई–8** (2)भारत–पाक युद्ध, 1965।

**उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–**

**पाठ्यक्रम का उद्देश्य**

सभी सामाजिक विज्ञानों में सैन्य विज्ञान एक जटिल एवं महत्वपूर्ण विज्ञान है। इसका अर्थ केवल सशक्त सेना संगठन, प्रतिष्ठान, शास्त्र अथवा सैनिक से ही नहीं अपितु उसकी जड़ें राष्ट्र को राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में व्यापक रूप से फैली है। इसका क्षेत्र व्यापक एवं सभी प्रकार के ज्ञान से सम्बन्धित है।

इसका एकांकी अध्ययन नहीं हो सकता। राष्ट्र की शक्ति, गरिमा और गौरव राष्ट्रीय मंच पर कैसे उभर सकती है तथा विश्व शान्ति और सह अस्तित्व स्थापित करने में भारत प्रमुख भूमिका निभा सकता है। यही इस विषय के पठन–पाठन का मुख्य उद्देश्य है। यह विषय सैन्य शिक्षा अथवा प्रशिक्षण से भिन्न है।

सैन्य विज्ञान विषय का केवल एक प्रश्न पत्र 70 अंको का होगा। 30 अंकों की एक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। लिखित में उत्तीर्णांक 70 में से 23 अंक होंगे तथा प्रयोगात्मक परीक्षा के लिये 30 अंक में से 10 अंक होंगे। कुल में उत्तीर्णांक 33 अंक होंगे। लिखित तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में अलग–अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

**इकाई–1 राष्ट्रीय सुरक्षा :** **10 अंक**
(अ) अर्थ, क्षेत्र एवं तत्व (प्राथमिक विज्ञान)।
(ब) सीमाओं से लगने वाले राष्ट्र तथा उनके साथ राजनैतिक तथा सैन्य सम्बन्ध।

**इकाई–2 द्वितीय रक्षात्मक पंक्ति :** 10 अंक
(अ) आवश्यकता।
(ब) निम्न संगठनों का सामान्य ज्ञान
(क) आर्मी रिजर्व।
(ग) एन0सी0सी0।

**इकाई–3 नागरिक सुरक्षा :** 08 अंक
(अ) आवश्यकता।
(ब) संगठन।

**इकाई–4** सैन्य विज्ञान मनोविज्ञान : 07 अंक
(अ) नेतृत्व।
(ब) मनोबल।

**इकाई–5**–मराठा युग की सैन्य व्यवस्थादृ 08 अंक
(शिवाजी के सन्दर्भ में)।

**इकाई–6**–सिक्ख सैन्य पद्धतिदृ 08 अंक
(महाराणा रणजीत सिंह के सन्दर्भ में)।

**इकाई–7**–भारत में अंग्रेजी व्यवस्थादृ 09 अंक
(प्लासी की लड़ाई के सन्दर्भ में), प्रथम स्वतंत्रता संग्राम, 1857 (संग्राम के आर्थिक, राजनैतिक, धार्मिक कारणों तथा स्वतंत्रता संग्राम में निष्कर्षों के आधार पर पुनर्गठन)।

**इकाई–8** युद्ध के सिद्धान्त। 10 अंक
(1) भारत–चीन युद्ध, 1962।
(3) भारत–पाक युद्ध, 1971।
(4) कारगिल युद्ध, 1999।

**प्रयोगात्मक**

**(1) मानचित्र पठन**
(1) मापक परिभाषा, साधारण मापक की संरचना।
(2) जालीय निर्देशांक (ग्रिड रिफरेन्स)दृचार तथा छः अंक का।

**(2) प्रिज्मैटिक दिक्सूचक, सर्विस प्रोटेक्टर**
(1) प्रिज्मैटिक दिक्सूचक का परिचय, उपयोग।
(2) दिक्मान ज्ञात करना।
(3) राशि में चलने के लिये दिक्सूचक सेट करना तथा चलाना।
(4) सर्विस प्रोटेक्टर का परिचय तथा प्रयोग।
(5) प्रयोगात्मक कार्य की अभ्यास पुस्तिका।

3–प्रयोगात्मक परीक्षाओं में अंकों का विवरण निम्नलिखित होगा
(1) मानचित्र पठन। 20
(2) प्रिज्मैटिक दिक्सूचक। 05
(3) प्रायोगिक अभ्यास–पुस्तिका। 05

**पुस्तकें**

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

**सैन्य विज्ञान**

**अधिकतम अंक 30 न्यूनतम उत्तीर्णांक अंक10 अंक समय 04 घण्टे**

**नोट :दृ**एक टोली में परीक्षार्थियों की संख्या 20 से अधिक न हो। एक दिन में दो टोली से अधिक की परीक्षा न हो।

**वाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन 15 अंक**

**निर्धारित अंक**

1 मानचित्र परिचय परिभाषा, प्रकार, हाशिये पर दी गयी सूचनाओं को वास्तविक मानचित्र पर पढ़ना तथा हाशिये की सूचनाओं के प्रकार 02
2 मानचित्र निर्देशांक चार अंकीय एवं छः अंकीय निर्देशांक। 02
3 मापक की परिभाषा, मापक के प्रकार। 02
4 सरल मापक की रचना। 02
5 दिक्सूचकदृनाम, विभिन्न पुर्जों के प्रकार तथा प्रयोग विधि। 02
6 मानचित्र दिशानुकूल करना। 02
7 मौखिक परीक्षा। 03

**आन्तरिक परीक्षक द्वारा मूल्यांकनदृ 15 अंक**

1 सांकेतिक चिन्हदृचार सांकेतिक चिन्हों को बनाना जिसमें एक सैनिक सांकेतिक चिन्ह अनिवार्य है। 02
2 उत्तर दिशाओं से सम्बन्धित प्रश्न। 02

| | |
|---|---|
| 3 मानचित्र पर ग्रिड दिक्मान नापना। | 03 |
| 4 दिक्मानों के अर्न्तपरिवर्तन। | 03 |
| 5 उत्तरान्तरों एवं विशिष्ट दिक्सूचक त्रुटि ज्ञात करना। | 02 |
| 6 अभ्यास पुस्तिका। | 03 |

**व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा**

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय हों।

## शिक्षाशास्त्र– कक्षा–12

**कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2020–21 में समय से विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–**

### खण्ड–क
### (आधुनिक शैक्षिक विचारधारा का विकास)

**इकाई–1 शैक्षिक विचारधारा का विकास**
(ख)एनीबेसेन्ट, और रवीन्द्र नाथ टैगोर।
**इकाई–3** जनसंख्यां

### खण्ड–ख
### (शिक्षा मनोविज्ञान)

**इकाई–1 सीखना** (क) प्रत्यावर्तन का सिद्धान्त
**इकाई–3 परीक्षण एवं निर्देशन** (ग) शैक्षिक एवं व्यावसायिक निर्देशन–उनके अर्थ एवं महत्व।

**उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–**

100 अंकों का एक प्रश्न–पत्र 3 घण्टे का होगा। न्यूनतम उत्तीर्णांक 33

### खण्ड–क (अंक 50)
### (आधुनिक शैक्षिक विचारधारा का विकास)

**इकाई–1** शैक्षिक विचारधारा का विकास(क) प्राचीन, मध्यकालीन एवं अर्वाचीन समय में शिक्षा का संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण। **20 अंक** **20 अंक**

(ख) भारतीय शिक्षकपंडित मदन मोहन मालवीय,, महात्मा गांधी।

**इकाई–2**(क) पर्यावरण शिक्षा अवधारणा स्वरूप, आवश्यकता, महत्व, प्रदूषण की समस्यायें एवं उनका निराकरण। **15 अंक**

(ख) पर्यावरण को प्रभावित करने वाली प्राकतिक आपदायें यथा आग, सूखा, बाढ़, भूकम्प, समुद्री लहरें आदि की मूलभूत जानकारियां, उनके प्रभाव तथा बचाव के उपाय।

**इकाई–3** शिक्षा की समस्यायेंशिक्षा का प्रसार, शैक्षिक स्तर, बालिकाओं की शिक्षा एवं सामाजिक शिक्षा। **15 अंक**

### खण्ड–ख **50 अंक**
### (शिक्षा मनोविज्ञान)

**इकाई–1 सीखना** (क) अर्थ, सीखने की प्रक्रिया, प्रयास एवं त्रुटि, सूझ, सम्बन्ध, सीखने के लिये नियम, (ख) प्रेरणा, अर्थ एवं सीखने में इनका स्थान, (ग) रूचि, (घ) पुरस्कार एवं दण्ड। **20 अंक**

**इकाई–2 मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान**, मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान एवं मानसिक स्वास्थ्य के व्यावसायिक निर्देशन उनके अर्थ एवं महत्व। **15 अंक**

**इकाई–3 परीक्षण एवं निर्देशन** (क) वृद्धि का सामान्य ज्ञान, अर्थ, स्वरूप एवं वर्गीकरण एवं परीक्षण। **15 अंक**

(ख) उपलब्धि परीक्षण एवं प्रकार व्यक्तित्व–अर्थ, प्रकार तथा व्यक्तित्व परीक्षण।

**पुस्तकें**

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गई है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापकों के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

## ग्रन्थ शिल्प–( कक्षा–12)

**कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2020–21 में समय से विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–**

**इकाई–1** अलंकारिक कला का इतिहास, उपयोगी कलायें एवं आकार।

**इकाई–3** अबरी (नियंत्रित तथा अनियंत्रित) गोल्ड टूलिंग, स्क्रीन प्रिटिंग।

**इकाई–5** 2 पुस्तकों के आवरण पर वारनिश, लैमिनेशन तथा यू0वी0 पर्त लगाकर आकर्षक बनाना।

**उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–**

इसमें 70 अंको का एक प्रश्नपत्र तथा 30 अंको की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी।

उत्तीर्ण होने हेतु लिखित परीक्षा तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में पृथक्–पृथक 23 एवं 10 कुल 33 अंक प्राप्त करना आवश्यक है। ग्रंथ शिल्प एवं सम्बन्धित कला में जिसमें मौखिक एवं वर्ष भर का कार्य भी सम्मिलित होगा।

**इकाई–1** कला और शिल्प का सम्बन्ध। ग्रन्थ शिल्प में कला का महत्व। कला की परिभाषा, भारती। **10 अंक**

**इकाई–2** डिजाइन संरचनात्मक तथा अलंकारिक सिद्धान्त एवं उनके विभिन्न रूप एवं आकार । **10 अंक**

**इकाई–3** सजावट का माध्यम पेन और ब्रश, कागज काटकर स्टेन्सिल प्रिन्टिंग। **10 अंक**

**इकाई–4** 1–अक्षर लिखना (हिन्दी तथा अंग्रेजी)। **20 अंक**

2 कम्प्यूटर का प्रारम्भिक ज्ञान, पुस्तक आवरण की रूपरेखा को कम्प्यूटर द्वारा बनाना।

**इकाई–5** 1 कम्प्यूटर द्वारा एक रंगीय तथा बहुरंगीय आवरण की डिजाइन तैयार करना। **20 अंक**

**प्रयोगात्मक** **30 अंक**

**(1) सत्र कार्य**

ार्थी को प्रत्येक मॉडल बनाने का विवरण तैयार करना आवश्यक है। विवरण विषय अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा अवलोकित होगा और प्रयोगात्मक परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। इसके लिये प्रधान परीक्षक द्वारा अंक निर्धारित किये जायेंगे।

(ब) बनाये जाने वाले माडलों की सूची का चार्ट बनाया जाय और कक्षाओं में टांगा जाय।

(स) प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा विषय से सम्बन्धित एक चार्ट भी तैयार करना आवश्यक है।

**(2) मौखिक परीक्षादृ**

प्रत्येक परीक्षक द्वारा कम से कम तीन प्रश्न प्रत्येक विद्यार्थी से पूछे जायेंगे। इसके लिये सभी अंक प्रधान परीक्षक द्वारा निर्धारित किये जायेंगे।

**(3) प्रयोगात्मकदृ**

वाह्य परीक्षक द्वारा एक मॉडल (जो चार घंटे में तैयार हो जाय) दिया जायेगा।

1दृ(अ) लैटर प्रेस की छपाई में कम्पोजिंग करना एक मिनट में पाँच शब्द की रफ्तार से, प्रूफ निकालना, प्रूफ पढ़ना तथा सुधारना।

(ब) उच्च सुन्दर मॉडल बनाना, जैसे सुन्दर चित्र मंजूषा (एलबम), बस्ते (पोर्टफोलियो)। आभूषण पेटी, श्रृंगारदान आदि।

(स) नई या पुरानी पुस्तकों को दो भांति से पुनः बाइण्डिंग करना, जैसे पुस्तकालय वाली बाइण्डिंग और लोचदार बाइण्डिंग जो फीते पर की गयी हो, पूरी आधी वे केवल पीठ पर कपड़ा, जिल्दसाजी वाला लगाकर जिसमें निम्नलिखित सभी तरीके शामिल हों

पुरानी पुस्तक की सिलाई को तोड़ना, सफाई करना, फटे जुजों की मरम्मत करना, रक्षक कागजों को बनाना और फीते पर सिलाई करना। पीठ पर सरेस लगाना, पीठ को गोल करना व किनारे काटना, ऊपर व नीचे के लिये दफ्ती काटना। पीठ गोल करने के लिये गोलाई बनाना। जिल्दसाजी के कपड़े से उसे मढ़ना, रक्षक कागज को ऊपर नीचे जोड़ना व सुन्दरता के साथ उसे सम्पूर्ण करना।

(द) इसी प्रकार की सम्पूर्ण क्रिया, आधी पूरी व चौथाई प्रकार की जिल्दसाजी में व चमड़े, रैक्सीन की जिल्दसाजी में की जाय।

(य) लेटर पैड का छापना सारी छपाई की क्रिया प्रारम्भ से अन्त तक जैसे कम्पोज करना, छापना, प्रूफ तथा शुद्ध करना, तथा हाथ के प्रूफ प्रेस द्वारा छापना या छोटे ट्रेडिल मशीन पर उसे छापना।

**सम्बन्धित कला**

(1) विभिन्न प्रकार के सभी सजावट के माध्यम से मॉडलों को सजाना।

(2) हिन्दी व अंग्रेजी के अक्षरों को लिखना।

(3) मॉडलों व औजारों के चित्र खींचना।

(4) कम्पोज किये हुये मैटर को अलंकारिक तरीके से छपाई के लिये बनाना।

(5) रक्षक कागजों तथा पुस्तकों के आवरण पृष्ठ को सजाना।

(6) सजावट के विभिन्न माध्यम द्वारा सजावट करना जिसमें लकड़ी के ठप्पे, लिनोनियम के ठप्पे व हाफ–टोन आदि शामिल हों।

**टिप्पणी–**

(1) प्रत्येक सत्र में प्रत्येक परीक्षार्थियों द्वारा कम से कम दस मॉडल अवश्य बनाये जायें और इसके अतिरिक्त प्रत्येक को कम से कम दो उच्च कोटि के सुन्दर मॉडल अपनी इच्छानुसार बनाये जायें।

(2) सभी मॉडलों पर सजावट का कार्य स्वयं किया जाये।

(3) अध्यापकों को प्रत्येक परीक्षार्थियों के कार्य के विषय में एक रिपोर्ट प्रयोगात्मक परीक्षक के लिये रखनी चाहिये।

**पुस्तकें–**

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

**ग्रन्थ शिल्प–कक्षा–12**

अधिकतम अंक 30 न्यूनतम उत्तीर्णांक अंक 10 अंक समय 06 घण्टे

| | |
|---|---|
| **(1) वाह्य परीक्षक द्वारा देय–** | **15 अंक** |
| 1 मॉडल बनाना। | 03 |
| 2 सजावट। | 03 |
| 3 प्रेस कार्य | |
| (क) कम्पोजिंग। | 03 |
| (ख) प्रूफ रीडिंग कार्य। | 03 |
| 4 मौखिक कार्य। | 03 |
| **(2) आंतरिक मूल्यांकन देय–** | **15 अंक** |
| 1 फाइल रिकॉर्ड। | 04 |
| 2 सत्रीय कार्य सतत् मूल्यांकन। | 03 |
| 3 प्रोजेक्ट कार्य एवं मौखिकी। | 08 |

**व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा**

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

## काष्ठ शिल्प

**कक्षा–12** **पूर्णांक – 100**

**कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2020–21 में समय से विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–**

**इकाई–एक**

1. **सहयोग देने वाले यंत्र**– पिन बोर्ड, शूटिंग बोर्ड, बेन्च स्टापर, कार्क रबर।
2. **सफाई करने वाले यंत्र**– पुराने यंत्रों की मरम्मत, पत्थर के पहिया का प्रयोग।

**इकाई–दो**

1. **काष्ठशिल्प में प्रयोग होने वाली मशीने**– खराद मशीन।
2. **धातु वस्तुएँ**– चटखनी, इमालिया–कुण्डा, स्टे, कास्टर्स, बाल कैच तथा मिरर क्लिप।

**इकाई–चार**

1. लकड़ी तथा लट्ठे का मूल्य ज्ञात करना।

**इकाई–पाँच**

2. **लकड़ी के जोड़**– बनाने की विधि एवं उचित स्थानों पर उनका प्रयोग।

**इकाई–छः**

2. समलेखीय प्रक्षेप चित्र बनाना।

**इकाई–सात**

1. **रेखा चित्र**– रेखा चित्र के यंत्र तथा रेखा चित्र में प्रयोग होने वाली रेखाएँ।

**उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–**

### केवल प्रश्नपत्र

लिखित परीक्षा में एक प्रश्न–पत्र 70 अंक का तीन घंटे का होगा। इसके अतिरिक्त 30 अंकों की एक प्रयोगात्मक परीक्षा जिसमें मौखिक परीक्षा भी सम्मिलित है, होगी। प्रयोगात्मक परीक्षा 4 घण्टे से अधिक न होगी। उत्तीर्ण होने के लिये लिखित और प्रयोगात्मक में कम से कम क्रमशः 23+10 33 अंक आने चाहिये।
**पूर्णांक – 70**

**इकाई–एक** **10 अंक**

1. **सहयोग देने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत बेन्च हुक, माइटर बोर्ड, डावेल प्लेट, आदि का ज्ञान।
2. **सफाई करने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत स्क्रेपर तथा रेगमाल का ज्ञान।
3. विभिन्न प्रकार के यंत्रों को तेज करना। ऑयल स्टोन, एमरी पहिया का प्रयोग

**इकाई–दो** **10 अंक**

1. **काष्ठशिल्प में प्रयोग होने वाली मशीने**– जैसेः– बैण्ड सा, सर्कुलर सा, आदि।
2. **धातु वस्तुएँ**– इसके अन्तर्गत कील, पेंच, कब्जे, ताले, नट–बोल्ट, हत्था तथा मूँठ, हुक तथा आई,, डोर बोल्ट, बाल कैच ।

**इकाई–तीन** **10 अंक**

1. **काष्ठशिल्प में प्रयोग होने वाली लकड़ियाँ**– जैसेः– लकड़ी के प्रकार, उनकी बनावट, रंग, प्राप्ति का स्थान, वजन प्रति घनफिट तथा प्रयोग। लकड़ियाँ जैसेः– आम, शीशम, सागौन,

देवदार, साखू, चीड़, नीम, महुआ, तुन, इबोनी, रोज वुड, ओक, अखरोट, विजयसाल, बबूल, बीच वुड, सेमल आदि।

2. **प्लाई वुड**– प्रकार, बनाने की विधि तथा उपयोगिता।

**इकाई–चार** **10 अंक**

2. घरेलू सामग्रियों की मानक माप। जैसे– सन्दूक, आलमारी, कुर्सी, मेज, स्टूल, चारपाई, तख्त, सेन्टर टेबुल आदि।

**इकाई–पाँच** **10 अंक**

1. **लकड़ी सुखाना**– परिभाषा, प्रकार तथा उनका वर्णन।
2. **लकड़ी के जोड़**– जोड़ के प्रकार, नाप, उपयोगिता, ।

**इकाई–छः** **10 अंक**

1. रुढ़ सममापीय या प्रामाणिक सममापीय प्रक्षेप चित्र बनाना।
3. मुक्त हस्त रेखा चित्र बनाना।

**इकाई–सात** **10 अंक**

2. हिन्दी तथा अंग्रेजी के बड़े बड़े अक्षरों को ग्राफ द्वारा लिखने का ज्ञान तथा अक्षर लेखन का महत्व।
3. पॉलिश, वार्निश तथा पेन्ट तैयार करने व प्रयोग करने का ज्ञान। स्टेनिंग, रेशे भरना तथा फ्यूमिंग का ज्ञान।

**प्रयोगात्मक कार्य**

1. नमूने (डव्क्स्) की बनावट, लकड़ी से लेकर पॉलिश, वार्निश तथा पेन्ट तक की पूरी होनी चाहिए।
2. नमूने इस प्रकार के बनवाये जांय जिसके आवश्यक जोड़ तथा मेटल फिटिंग्स का प्रयोग हो।
3. छात्रों को विभिन्न प्रकार के नमूनों के नाप व आकार स्वयं निर्धारित करना चाहिए।
4. प्रयोगात्मक परीक्षा में वाल ब्रकेट, लेटर रैक, लैम्प स्टैण्ड, विभिन्न प्रकार के ट्रे, मोमबत्ती स्टैण्ड, टावेल रोलर, बुक रैक, खूँटियाँ तथा फ्लावर पॉट स्टैण्ड बनवाये जांय।

**प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन निम्नवत् होगा–**

**अधिकतम् अंक–30** **न्यूनतम उत्तीर्णांक–10** **समय – 06 घण्टे**

(अ) बाह्य परीक्षक द्वारा देय अंक–15

| | |
|---|---|
| 1. मॉडल की तैयारी, सही बनाने की विधि | 03 अंक |
| 2. सही जोड़ | 03 अंक |
| 3. मॉडल की सही रूप रेखा | 03 अंक |
| 4. चिप कार्विंग | 03 अंक |
| 5. मौखिक | 03 अंक |
| (ब) आन्तरिक मूल्यांकन– | 15 अंक |
| 1. प्रोजेक्ट कार्य | 06 अंक |
| 2. रिपोर्ट तैयार करना | 05 अंक |
| 3. सत्रीय कार्य एवं सतत् मूल्यांकन | 04 अंक |

**नोट**– विषय अध्यापक प्रत्येक छात्र के कार्यों की एक रिपोर्ट तैयार करके वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षक के समक्ष अवश्य प्रस्तुत करें।

**पुस्तकें**– कोई पुस्तक निर्धारित व संस्तुत नहीं की गई है। विद्यालय के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रमानुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के संबंधित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक के रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे। शेष पचास अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

## सिलाई– कक्षा–12 पूर्णांक 100

**कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2020–21 में समय से विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–**

**3.** सिलाई मशीन के अटेचमेन्ट्स, पारिभाषिक शब्द और उनकी व्याख्या (ट्रेड शब्दावली)।

6. दर्जियों के चिन्ह (शार्टहैण्ड इन टेलरिंग) डिजाइन, स्टाइल, फैशन की व्याख्या और अंतर, विक्रेता के गुण, ग्राहकों के व्यवहार, परिधान मूल्य निर्धारण (परिधान की कीमत निकालना)

6. शरीर की बनावट और आकृति का परीक्षण, शरीर को विभाजित करने वाली रेखाएँ, एबनार्मल फिगर्स और उनके प्रकार, डी–फार्म फिगर्स का ज्ञान।

**उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–**

लिखित परीक्षा में एक प्रश्न–पत्र 70 अंको का तीन घण्टे का होगा। इसके अतिरिक्त 30 अंकों की एक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी जिसमें मौखिक परीक्षा भी सम्मिलित है। प्रयोगात्मक परीक्षा 4 घण्टे से अधिक न होगी। उत्तीर्ण होने के लिये लिखित और प्रयोगात्मक परीक्षा में कम से कम क्रमशः 23+10त्र33 अंक आने चाहिये।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | दिए गए नाप के अनुसार परिधानों के विभिन्न भागों का चित्र/ड्राइंग बनाना, विवरण लिखना (फुल–स्केल एवं पैमाना मानकर, मिल्टन क्लाथ ड्राफ्टिंग) | 10 अंक |
| 2. | वस्त्र/परिधान कटिंग एवं परिधान सिलाई (गार्मेट्स मेंकिंग में) काम आने वाली सामग्री तथा उपकरण, विभिन्न प्रकार के प्रेस तथा प्रेसिंग मटेरियल्स–उपकरण, आइरनिग एवं प्रेसिंग की व्याख्या–अन्तर। | 10 अंक |
| 3. | सिलाई मशीन का इतिहास, सिलाई मशीन की जानकारी, उनमें आने वाले दोष एवं उनका निवारण। | 10 अंक |
| 4. | विभिन्न प्रकार के टाँके/''हाथ की सिलाइयाँ'' बनाने की विधि तथा उसके प्रकार, सीम्स, श्रिंकेज परीक्षण एवं संक्षिप्त विधि का ज्ञान। | 10 अंक |
| 5. | पैटर्न मेकिंग–पैटर्न के प्रकार एवं उपयोगिता महत्व, पैटर्न की सहायता से निश्चित आकार के कपड़ों की मितव्ययितापूर्वक काटने की विधि प्रदर्शित करना। | 10 अंक |
| 6. | हाथ एवं मशीन की सुइयों तथा धागों के प्रकार, सुइयों के नम्बर तथा वस्त्र/परिधान के अनुरूप उनके प्रयोग का ज्ञान, विभिन्न प्रकार के धागों की जानकारी तथा वस्त्र/परिधान में उनके प्रयोग का ज्ञान। | 10 अंक |
| 7. | शरीर रचना विज्ञान– एनाटमी फार टेलर्स ज्वाइण्ट्स एण्ड मूवमेन्ट्स। | 10 अंक |
| | | 30 अंक |

**<u>प्रयोगात्मक</u>**

दिए हुए नाप के अनुसार निम्नलिखित वस्त्रों/ परिधानों का डायग्राम बनाना, पैटर्न मेकिंग, काटना एवं पूर्णरूपेण सिलकर परिधान का रूप देना।

1. स्कूल फ्राक
2. हाउस कोट
3. कुर्ता– बंगाली कुर्ता, नेहरू कुर्ता, कलीदार कुर्ता।
4. बुशर्ट– ओपन एण्ड क्लोज़्ड कालर्स
5. आधुनिक निकर (हाफपैण्ट)
6. पैण्ट–बेल्टेड
7. कोट– क्लोज़्ड एवं ओपेन कालर।

| | | |
|---|---|---|
| 1– | **<u>वाह्य मूल्यांकन</u>** | 15 अंक |
| | दिये गये नाप के अनुसार वस्त्रों के विभिन्न भागों का चित्र बनाना (ड्राफ्टिंग) एवं कटाई करना– | 06 अंक |
| | (1) फ्राक | |
| | (2) हाउस कोट | |
| | (3) बंगाली कुर्ता, नेहरू शर्ट | |
| | (4) बुशर्ट–खुली व बन्द | |
| | (5) आधुनिक नेकर | |
| | (6) पैण्ट–बेल्टेड, प्लेटलेस, कार्पुलेन्ट | |
| | (7) कोट–बन्द व खुला | |
| 2– | वस्त्रों की सिलाई, फिनिशिंग एवं प्रेसिंग | 06 अंक |
| 3– | मौखिक कार्य | 03 अंक |
| | **<u>आंतरिक मूल्यांकन</u>** | 15 अंक |
| | (1) फाइल रिकार्ड | 05 अंक |
| | (2) सिलाई–बालिका, पुरूष एवं स्त्री के वस्त्र | 06 अंक |
| | (3) मशीन के विभिन्न भागों का ज्ञान | 02 अंक |
| | (4) सत्रीय कार्य एवं मौखिक कार्य | 02 अंक |

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के संबंधित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक के रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे। शेष पचास अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

## नृत्य कला– कक्षा–12

**कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2020–21 में समय से विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–**

भाव, कटाक्ष निकास, पदम, पस, रामगोपल, लच्छू महराज की जीवनिया

**उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–**

एक लिखित प्रश्न–पत्र तीन घण्टे का और 50 अंकों का होगा। इसके अलावा 50 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। उत्तीर्ण होने के लिये विद्यार्थी को लिखित, प्रयोगात्मक और योग में क्रमशः कम से कम 17+16 कुल 33 अंक पाना आवश्यक है।

निम्नलिखित में से किसी एक की परिभाषा और व्याख्या जहाँ सम्भव हो सके उदाहरण और चित्र देते हुयेदृकत्थक, भरतनाट्यम्, मनीपुरी और कथकली।

**कथक के साथ मनीपुरी तथा कथकली का परिचय–**

1 अभिनय, आंगिक, वाचिक, अहाय, सात्विक, कस्क–मस्क कटाक्ष थिल्लन, लय, हरोवा, विरामद्रुत, घूंघट अंचल। **10 अंक**

2 हाथों के (संयुक्त), 33 प्रकार और इनका प्रयोग देवताओं के हाथों की स्थितियों जैसे ब्रह्मा, शिव, विष्णु, सरस्वती, **15 अंक**

पार्वती, लक्ष्मी, गणेश, कार्तिकेय, इन्द्र, अग्नि, यम, वरुण, व्यास, कुबेर अवतारों के हाथों की स्थितियां विभिन्न सम्बन्धों को प्रदर्शित करने वाले हाथों की स्थितियाँ। पाँच प्रकार की कुन्द।

3 लखनऊ घराने और जयपुर घराने की कथक नृत्यों में गतों, टुकड़ों, मानों, प्रदर्शन आदि में मुख्य भेद अथवा **15 अंक**

कथकली (मोहनी अट्टम) अथवा मणीपुरी नृत्य।

4 आमद, परन आदि को ताल लिपि में लिखने की योग्यता। तीवरा, एकताल, चारताल, आड़ा चारताल, धमारी **10 अंक**

त्रिताल के ठेकों को दुगुन, तिगुन, चौगुन में लिखना। स्थायी भाव, संचारी अनुभाव एवं रसों का पूर्ण ज्ञान। नृत्य सम्बन्धी किसी विषय पर निबन्ध लिखने की क्षमतादृ

निम्नलिखित नृत्यकारों की जीवनियाँदृ

उदय शंकर, गोपीनाथ, कालका, अच्छन महाराज, शम्भू महाराज, जयलाल, सोनल मान सिंह।

**प्रयोगात्मक** **50 अंक**

1 टखने, घुटने, कमर, कन्ध, बाहों, कलाइयों, सिर, गर्दन, आंखों, भौहों की कठिन गतियों का अभ्यास, विभिन्न प्रकार की चालों का प्रदर्शन, भावों का अभिव्यक्तिकरण, नृत्य और मुद्राओं द्वारा भाव, जैसेदृवीर, करुण, हास्य आदि दिखाना।

2 धमार, आड़ा, चौताल में सरल तत्कार, चारगतं, एक आयत, तीन चक्करदार परन। 10 टुकड़े और कवित तीन तालों में, एक गत दो परन और चार टुकड़े झपताल में एक गत और दो टुकड़े चौताल में।

3 तबले पर तीन ताल के अतिरिक्त तीवरा, आड़ा, चौताल, धमार एक चौताल, ताल के ठेके बनाने की योग्यता। कम से कम उपरोक्त तालों में से प्रत्येक में दो टुकड़े और नृत्य के लिए नृत्य के सभी टुकड़े आदि का पढ़ना और हाथ से ताली, खाली आदि दिखाते हुये सभी तालों का देना और नृत्य से तालों को पहचानने, पकड़ने और अनुगमन करने की योग्यता।

4 कथानक और पौराणिक नृत्य जैसे श्रीकृष्ण की जीवन घटनायें आदि से दो नृत्य।

5 विस्तृत कत्थक नृत्य, गोवर्धन लीला, माखन चोरी, कठिन टुकड़ों अथवा तोड़ों का उसमें प्रदर्शन।

या

वर्णम्, पद्म, थिल्लन की भरत नाट्यम् नृत्य की श्रृंखलादृकिन्हीं दो रागों में।

**सूचना** : प्रयोगात्मक परीक्षा में अंकों का क्रम निम्नवत् होगा

| | |
|---|---|
| विद्यार्थी का अपना चुना हुआ नृत्य। | 15 |
| परीक्षक द्वारा पूछे गये नृत्य खण्ड गत टुकड़े आदि विभिन्न तालों में। | 10 |
| अभिव्यक्ति, संवेग, भाव आदि। | 5 |
| वेश, श्रृंगार, सज्जा अन्य प्रसाधन आदि। | 5 |
| लयकारी, ताल ज्ञान आदि। | 5 |
| नृत्य के टुकड़ों और ताल के ठेकों का विभिन्न लयों में हाथ से ताली खाली आदि दिखलाते हुये। | 5 |
| सामान्य धारणा और नृत्य का प्रभाव। | 5 |

**सूचना** : अध्यापकों को प्रत्येक विद्यार्थी के कार्य का लेखा वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करने के लिये तैयार करना चाहिये।

**पुस्तक** : कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक से परामर्श करके पाठ्यक्रम के के के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

अधिकतम अंक 50न्यूनतम उत्तीर्णांक अंक 16 अंकसमयदृप्रति परीक्षार्थी 15–20 मि0

**(1) वाह्य मूल्यांकन 25 अंक**

| | |
|---|---|
| 1 परीक्षार्थी का अपना चुना हुआ नृत्य। | 08 |
| 2 परीक्षक द्वारा पूछे गये नृत्य खण्ड गत टुकड़े आदि विभिन्न तालों में बताना। | 03 |
| 3 वेश, श्रृंगार, सज्जा, अन्य प्रसाधन आदि। | 03 |
| 4 अभिव्यक्ति, संदेश, भाव आदि। | 03 |
| 5 लयकारी, ताल, ज्ञान आदि। | 03 |
| 6 नृत्य के टुकड़ों और ताल को विभिन्न लयों में हाथ से ताली आदि दिखाते हुये। | 02 |
| 7 सामान्य धारण और नृत्य का प्रभाव। | 03 |

**(2) आंतरिक मूल्यांकन 25 अंक**

| | |
|---|---|
| 1 रिकॉर्ड। | 05 |
| 2 प्रोजेक्ट। | 10 |
| 3 सत्रीय कार्य। | 10 |

**व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा**

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

## रंजन कला कक्षा–12

**कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2020–21 में समय से विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–**

**खण्ड–ख भारतीय चित्रकला का इतिहास भारतीय कला के निम्नांकित उपशीर्षकों में विभाजित हो, विभिन्न कला केन्द्रों का इतिहास, आलोचनात्मक और तुलनात्मक/अध्ययन के साथ पढ़ाया जाय।**

**मुगल काल, पुनर्जागरण काल, बंगाल स्कूल**

**उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–**

## रंजन कला कक्षा–12

**इसमें एक प्रश्न–पत्र तीन घण्टे का 100 अंकों का होगा। न्यूनतम उत्तीर्णांक 33**

**खण्ड–क (अनिवार्य)** **70 अंक**

**मानव सिर का (Statue) प्रतिमा द्वारा रंगों में चित्रणदृ(क) मानव चेहरे का अनुपात एवं भाव के अनुसार अभिव्यंजना (30 अंक) (ख) प्रकाश, छाया एवं प्रतिच्छाया (त्रिआयामी) का सही प्रयोग (30 अंक)। (ग) प्रतिमा के पीछे लगे पर्दे पर छाया, प्रकाश एवं प्रतिच्छाया को दर्शाना (10 अंक)।**

**अथवा**

भारतीय चित्रकारी (क) सटीक रेखांकन–20 अंक (ख) अनुरूपता–15 अंक (ग) प्रभावी रंग संयोजन एवं सामान्जस्य– 20 अंक (घ) सम्पूर्ण अभिव्यक्ति एवं फिनिशिंग– 15 अंक।

खण्ड–ख 30 अंक

रंगों में काल्पनिक चित्र संयोजन ग्रामीण घटनाओं का उन्नत भाव प्रकाशन अथवा चित्र जैसेदृ ग्रामवाला गड़रिया, हलवाहा, किसान, माली, दूधवाला, भाजी बेचने वाला या फेरी वाला, खेल उत्सव आदि। इसमें मानव चित्र उन्नत दृश्य में जिसमें नदी, वृक्ष, झोपड़ी, मकान इत्यादि भी सम्मिलित किये जायें। चित्र दो या अधिक रंगों में स्वतन्त्र शैली में सपाट रंग व रेखाओं द्वारा प्रकाशित किये जायें।

अथवा

भारतीय चित्रकला का इतिहास भारतीय कला के निम्नांकित उपशीर्षकों में विभाजित हो, विभिन्न कला केन्द्रों का इतिहास, आलोचनात्मक और तुलनात्मक/अध्ययन के साथ पढ़ाया जाय।

राजपूत काल, व विशेष प्रख्यात भारतीय कलाकारों का जीवन परिचय।

